<u>के0रि0पु0बल का 82वां वर्षगांठ -2021</u>

आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, माउंट आबू में के0रि0पु0बल का 82वां वर्षगांठ बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर श्री डी. एस. राठौड़, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) तथा श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), आं.सु.अ. ने क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली तथा शौर्य कलश पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की । अकादमी के अधिकारियों एवं जवानों को उन्होंने हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होने वीर शहीदों को याद किया जिन्होने अपने प्राणों की आहुति देकर अमर हो गये, तथा कहा की उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो हमे साहस, शक्ति, एवं हौसला प्रदान करती है। यह बल केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सजग एवं सचेत है, बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवता के प्रति भी उतना ही प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित के0रि0पु0बल की 82वीं वर्षगांठ पर श्री नित्यानंद राय, गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा श्री अरुण कुमार, निदेशक/ महानिरीक्षक, आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, माउंट आबू को वर्ष 2020 की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान की ट्राफी दी गई।

इस अवसर पर श्री के. के. पाण्डेय (प्रशिक्षण), कमांडेंट, सभी राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, तथा जवान मौजूद थे।

श्री डी. एस. राठौड़, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) ने क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी लेते हुए एवं शौर्य कलश पर माल्यार्पण करते हुए ।

श्री के. थोमस जोब, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), आं.सु.अ. द्वारा शौर्य कलश पर माल्यार्पण करते

क्वार्टर गार्ड

श्री अरुण कुमार, निदेशक/ महानिरीक्षक, आंसुअ, माउंट आबू को श्री नित्यानंद राय, गृह राज्य मंत्री, वर्ष 2020 की सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान की ट्राफी देते हुए ।